सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
फाल्गुन 26, शुक्रवार, शाके 1944-मार्च 17, 2023 *Phalguna 26, Friday , Saka 1944- March 17, 2023*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

सार्वजनिक निर्माण विभाग

अधिसूचना

जयपुर, दिसम्बर 02, 2022

संख्या)7प:69820/पीपीपी/एसएचए(21-22/डी-1783 यत:राज्य सरकार को यह समाधान हो गया है कि गोटन-साथीन (पीपाड़) एस.एच.-86बी सड़क परियोजना हेतु भूमि अर्जन के कारण व्यक्तियों का गैर स्वैच्छिक विस्थापन होने की संभावना है।

अत: अब भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 30) की धारा-43 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा गोटन-साथीन (पीपाड़) एस.एच.-86बी सड़क परियोजना के लिए उपखण्ड अधिकारी एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी पीपाड़ शहर जिला - जोधपुर एवं उपखण्ड अधिकारी एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी मेड़ता जिला-नागौर को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक के रूप में नियुक्त करती है।

राज्यपाल के आदेश से,

सुनील गुप्ता,
संयुक्त सचिव (पथ)
सा.नि.वि., जयपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।